Guidelines to students on employment opportunities in small scale sector

1817. SYED SIBTEY RAZI: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whethaer a workshop on "University Research Centres and Enterprises" was organised in March, 1995 at New Delhi;

(b) if so, the details thereof with objectives;

(c) whether the Universities of the country were asked during workshop period to prepare their students adequately to avail most promising employment opportunities likely to arise in the small scale sector and in service industry;

(d) if so, the details thereof;

(e) whether any guidelines have been issued to Universities in this regard; and

(f) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUM. SELJA): (a) According to the information furnished by the UGC, no such workshop had been organised by the Commission.

(b) to (f) Do not arise.

तांबे के निर्यात को शुल्क-मुक्त किया जाना

1818. श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने तांबे के निर्यात को शुल्क-मुक्त कर दिया है;

(ख) क्या तांबे की संचित मूल्य प्रणाली समाप्त कर दी गई है;

(ग) देश के तांबे के खनन और उत्पादन के क्षेत्र में कितनी और कौन-कौन सी संस्थाएं कार्यरत है;

(घ) क्या सरकार हिन्दुस्तान कापर लि० के माध्यम से तांबे के आयात और वितरण को विनियमित करने का विचार रखती है;

(ङ) यदि हां, तो यह काम कब तक कर दिया जाएगा; और

(च) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) तांबे के निर्यात पर कोई शुल्क नहीं है ।

(ख) तांबे पर लागू मूल्य निर्धारण नीति को मार्च, 1992 से समाप्त कर दिया गया है ।

(ग) केन्द्र सरकार का सरकारी क्षेत्र का एक उपक्रम हिन्दुस्तान कापर लि. (एचसीएल) देश में तांबे का प्रमुख उत्पादक है तथा यह तांबा धातु के खनन तथा उत्पादन, दोनों कार्यों में लगा है । भारत सरकार तथा सिक्किम सरकार का एक संयुक्त उद्यम, सिक्किम माइनिंग कारपोरेशन (एसएमसी) तथा कर्नाटक सरकार का सरकारी क्षेत्र का एक उपक्रम हट्टी गोल्ड माइंस लि. (एच.जी.एम. एल.) ताम्र अयस्कों के खनन तथा ताम्र सांद्रकों के सीमित मात्रा में उत्पादन में लगा है ।

(घ) हिन्दुस्तान कापर लि. द्वारा तांबे के आयात तथा वितरण को नियमित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ङ) और (च) प्रश्न नहीं उठता ।